द वायर

भारत

झारखंड: मुस्लिमों द्वारा थूककर कोरोना फैलाने की अफवाह के बाद हुई झड़प में युवक की मौत

BY द वायर स्टाफ ON 08/04/2020

झारखंड के गुमला ज़िले में ये अफवाह उड़ायी गई थी कि कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलाने के लिए मुस्लिम जान-बूझकर जगह-जगह पर थूक रहे हैं.

नई दिल्ली: झारखंड के गुमला जिले में कोरोना वायरस के संबंध में एक अफवाह को लेकर हुई झड़प में एक युवक की मौत हो गई और दो लोग घायल हैं. जिले में ये अफवाह (https://scroll.in/article/958543/the-other-virus-hate-crimes-against-indias-muslims-are-

spreading-with-covid-19) फैलाई गई थी कि कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलाने के लिए मुस्लिम जानबूझकर जगह-जगह पर थूक रहे हैं.

झारखंड के एडिशनल पुलिस महानिदेशक एमएल मीणा ने स्कॉल (https://scroll.in/latest/958611/jharkhand-one-dead-after-clashes-over-rumours-of-muslim-men-spitting-to-spread-coronavirus) को बताया, 'गुमला में कुछ लोगों को पीटा गया था. एक आदिवासी लड़के की मौत हो गई और दो लोग घायल हैं.'

यूनाइटेड न्यूज इंडिया (http://www.uniindia.com/news/east/one-lynched-in-gumla-over-allegation-of-spreading-coronavirus/1946148.html) की रिपोर्ट के मुताबिक गुमला के भदौली गांव के पास ये घटना हुई है. झारखंड पुलिस प्रवक्ता साकेत कुमार सिंह ने बताया कि इस घटना के बाद ही स्थिति काफी गंभीर हो गई थी हालांकि इसे कंट्रोल कर लिया गया है. इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बलों (https://hindi.news18.com/news/jharkhand/gumla-two-groups-clash-in-a-rumor-of-spreading-corona-in-gumla-jhnj-2995882.html) की तैनाती की गई है.

पुलिस ने बताया कि ये अफवाह फैलाई गई थी कि एक खास समुदाय के लोग एक गांव-गांव घूमकर थूक रहे हैं ताकि कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलाया जा सके.

इसके बाद भदौली गांव के पास घूम रहे एक युवक को पीटा गया. बसिया रोड के रहने वाले पीड़ित को बाद में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया.

बाद में इस युवक के गांव से एक भीड़ भदौली की गई और रास्ते में मिले एक अन्य युवक को बहुत पीटा. इसके चलते युवक की गुमला के अस्पताल में मौत हो गई.

ये भी पढ़ें...

कोरोना वायरस: अब तक देश में सात लोगों की मौत, एक दिन में तीन लोगों ने दम तोड़ा
23/03/2020

चीन ने कोरोना वायरस से आगाह करने वाले डॉक्टर के परिवार से माफ़ी मांगी
21/03/2020



दिल्ली: कोरोना वायरस फैलाने की साज़िश रचने के शक़ में युवक की पिटाई
09/04/2020

In "भारत" In "दुनिया" In "भारत"